के.सं.वि. / भो.प. / प्रशा. / 2025–26 /

# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
**Central Sanskrit University**
भोपाल परिसर, बागसेवनिया, भोपाल
**Bhopal Campus, Bagsewaniya, Bhopal**

दिनांक– 28.07.2025

## सूचना / Notification –84

परिसर के समस्त छात्र / छात्राओं को सूचित किया जाता है कि मुख्यालय के पत्रांक फां.सं. 8–1 / के.सं.वि. / एस.डब्ल्यू. / 2025 / 117 दिनांक 25 / 07 / 2025 के अनुपाल में परिसर में तकनीकी कौशल को प्रोत्साहित करने हेतु **'संगणकीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता–2025'** का आयोजन होना है। जिसके लिए Google Form के माध्यम से छात्र / छात्राओं का पंजीकरण दिनांक 10 अगस्त 2025 तक होगा। यह प्रतियोगिता दिनांक 28 अगस्त 2025 से प्रारंभ होकर विभिन्न चरणों में सम्पन्न की जाएगी। प्रतियोगिता की नियमावली संलग्न है। परिसर स्तर पर श्री सुमित सक्सेना एवं श्रीमती सफीना अंसारी, संगणक प्राध्यापक, से सहयोग हेतु संपर्क किया जा सकता है।

पंजीयन लिंक– https://forms.gle/exwpP3eYKyQt1Z2e6

(प्रो. श्रीगोविन्द पाण्डेय)
(Prof. ShriGovind Pandey)
प्र.निदेशक / Director I/c

प्रतिलिपि / Copy to–

1. समस्त छात्र / छात्राओं को सूचनार्थ।
2. श्री सुमित सक्सेना एवं श्रीमती सफीना अंसारी, संगणक प्राध्यापक को सूचनार्थ।
3. सम्बद्ध पंजिका।
4. सूचना पंजिका।
5. सूचना पट्ट।

प्र.निदेशक / Director I/c

# केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली

छात्र कल्याण विभाग

## संगणकीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता – 2025

## नियमावली (Guidelines)

दिनांक: 25/07/2025

### 1. प्रतियोगिता का स्वरूप (Nature of the Competition)

यह प्रतियोगिता विश्वविद्यालय के सभी परिसरों के लिए एक **अत्यंत प्रेरणादायक और नवोन्मेषकारी अवसर** है। इसमें चयन प्रक्रिया तीन स्तरों पर संपन्न होगी – **प्रारंभिक, द्वितीय और तृतीय।**

### 2. प्रतिभागिता हेतु पात्रता (Eligibility Criteria)

- प्रतियोगिता केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय एवं आदर्श महाविद्यालयों के नियमित रूप से अध्ययनरत छात्रों के लिए आयोजित की जा रही है।
- प्रतियोगिता में प्राकशास्त्री, स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शोध स्तर के छात्र प्रतिभागिता कर सकते है।

### 3. पंजीकरण प्रक्रिया (Registration Process)

- परिसर एवं महाविद्यालय द्वारा निर्धारित Google Form के माध्यम से छात्र पंजीकरण कर सकते है।
- पंजीकृत छात्रों की सूची मुख्यालय को प्रेषित की जाएगी।

### 4. चयन प्रक्रिया (Selection Process)

#### (क) प्रारंभिक स्तर (Campus Level)

- प्रारंभिक स्तर की परीक्षा दिनांक **28 अगस्त 2025** को **ऑफलाइन** माध्यम से परिसर एवं आदर्श महाविद्यालय स्तर पर आयोजित की जाएगी।
- प्रारंभिक स्तर की **वस्तुनिष्ठ** परीक्षा **50** अंकों की होगी।
- प्रारंभिक स्तर की परीक्षा के आधार प्रत्येक परिसर **दस** (**10**) तथा प्रत्येक आदर्श महाविद्यालय **पांच** (**5**) **उत्तीर्ण तथा शीर्ष स्थान** प्राप्त छात्रों का चयन, द्वितीय स्तर की परीक्षा में भाग ग्रहण करने हेतु करेंगे।
- प्रारंभिक स्तर की परीक्षा का आयोजन संगणकीय प्राध्यापक के द्वारा किया जाएगा।

### (ख) द्वितीय स्तर (Inter-Campus Level)

- प्रारंभिक स्तर की परीक्षा में चयनित छात्रों हेतु द्वितीय स्तर की परीक्षा दिनांक **9 सितम्बर 2025** को **ऑफलाइन** माध्यम से परिसर एवं महाविद्यालय स्तर पर आयोजित की जाएगी।
- द्वितीय स्तर की परीक्षा के माध्यम से प्रत्येक परिसर से शीर्ष **03** तथा प्रत्येक महाविद्यालय **से 02** छात्रों का चयन किया जाएगा।
- द्वितीय स्तर की **सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक** परीक्षा **50+50=100** अंकों की होगी।
- द्वितीय स्तर पर छात्रों को **प्रथम पुरस्कार ₹5,000**, **द्वितीय पुरस्कार ₹4,000** तथा **तृतीय पुरस्कार ₹3,000** की राशि परिसर/महाविद्यालय द्वारा प्रदान की जाएगी।

### (ग) तृतीय स्तर (Final Level)

- तृतीय स्तर की **सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक** परीक्षा **मुख्यालय, नई दिल्ली** में **ऑफलाइन** आयोजित की जाएगी। ।
- इस परीक्षा के माध्यम से परिसर एवं महाविद्यालयों से द्वितीय स्तर की परीक्षा के पश्चात **शीर्ष छत्तीस (36)** छात्रों में **से दस (10)** छात्रों का चयन **सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक** परीक्षा के जरिये कर, उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा तथा उपरोक्त चरणों के जरिये अंतिम रूप से चयनित तीन (03) छात्रों को **प्रथम पुरस्कार ₹20,000**, **द्वितीय पुरस्कार ₹15,000** तथा **तृतीय पुरस्कार ₹11,000** मुख्यालय के द्वारा प्रदान किया जाएगा।
- तृतीय स्तर की परीक्षा आयोजन तिथि बाद में सूचित की जाएगी।

## 5. परीक्षा विषयवस्तु (Exam Topics)

- सामान्य कंप्यूटर ज्ञान
- तकनीकी शब्दावली (Technical Terminology)
- टाइपिंग कौशल (Sanskrit + English)
- कोडिंग (Python, HTML, Scratch आदि)
- Digital Tools for Sanskrit
- MS Office Applications
- नवाचार/उद्यमिता

## 6. प्रतियोगिता श्रेणियाँ (Competition Categories)

1. Digital Sanskrit Presentation

2. Sanskrit Typing Challenge
3. Web Page Design (Sanskrit Theme)
4. AI Tools for Sanskrit Learning
5. Programming & Coding
6. MS Office Skill Challenge
7. Open Innovation Showcase

## 7. सामान्य निर्देश (General Instructions)

- **प्रतियोगिता से सम्बंधित प्रश्न-पत्र मुख्यालय के द्वारा प्रेषित किये जायेंगे।**
- सभी छात्रों को अपने वैध पहचान पत्र के साथ परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा।
- प्रारंभिक एवं द्वितीय स्तर की परीक्षा अवधि **45** मिनट तथा तृतीय स्तर की परीक्षा अवधि **90** मिनट रहेगी।
- परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का उपयोग करने पर छात्र की प्रतिभागिता को रद्द कर दिया जायेगा।
- तृतीय चरण की परीक्षा में भाग लेने वाले छात्रों को यात्रा भत्ता एवं आवश्यक सुविधाएँ सम्बन्धित परिसर अथवा विश्वविद्यालय मुख्यालय द्वारा प्रदान की जाएँगी।
- सभी परीक्षाएं कोडिंग आधारित होंगी।

## 8. पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र (Awards & Certification)

- प्रथम पुरस्कार: ₹20,000
- द्वितीय पुरस्कार: ₹15,000
- तृतीय पुरस्कार: ₹11,000
- "आधुनिक दृष्टा पुरस्कार" – नवाचार हेतु विशेष सम्मान
- सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।

## 9. परिसरों एवं महाविद्यालयों के दायित्व (Responsibilities of Participating Campuses)

- प्रत्येक परिसर एवं महाविद्यालय उपरोक्त प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु एक परिसर/महाविद्यालय स्तरीय समिति का गठन करेंगे। जिसका संयोजक संगणकीय प्राध्यापक को बनाया जा सकता है। समिति सदस्य परिसर एवं महाविद्यालय स्तर पर सभी छात्रों का पंजीकरण सुनिश्चित करेंगे।

- निर्णायक मंडल के लिए बाहरी सदस्य के रूप में संगणकीय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जा सकता है। बाहरी सदस्यों को नियमानुसार यात्रा भत्ता एवं मानदेय दिया जा सकता है।
- समिति की अनुशंषा पर अध्यक्ष महोदय तकनीकी और प्रशासनिक समन्वय हेतु एक प्रतियोगिता समन्वयक की नियुक्ति करेंगे।
- परीक्षा आयोजन हेतु कंप्यूटर लैब एवं इंटरनेट सुविधा सुनिश्चित करना।
- परीक्षा एवं चयन प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित करना।
- मुख्यालय से समन्वय करते हुए आवशक सूचना समयबद्ध रूप से भेजना।

[डॉ. अमृता कौर]
प्रधान-समन्वयक,
संगणकीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता,
केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली
दूरभाष: 8619534646,
ईमेल: moocs@csu.co.in